पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने एशियन गेम्स में भारत के अब तक के सबसे शानदार प्रदर्शन के लिए सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी ।

खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरा देश गौरवान्वित।

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 08 **अक्तूबर**, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने एशियन गेम्स में भारत के अब तक के सबसे शानदार प्रदर्शन के लिए सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं । उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से समस्त देशवासी गौरवान्वित हैं। एशियन गेम्स 2023 **में देश के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से इतिहास रचते हुए अब तक के सर्वाधिक** 107 **पदक अर्जित किए हैं। भारतीय एथलीटों ने** 28 **गोल्ड**, 38 **सिल्वर और** 41 **ब्रॉन्ज पदक अपने नाम किए ; इसके साथ मेडल टैली में भारत चौथे स्थान पर पहुँच गया और भारत सर्वाधिक** 100 **से अधिक पदक हासिल करने वाले प्रथम चार देशों में शामिल हो गया है। राज्यपाल जी ने एशियन गेम्स** 2023 **में पदक हासिल करने वाली महिलाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की विशेष सराहना करते हुए उन्हें देश की महिलाओं के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया है।**

डा0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, **राजभवन**
सम्पर्क सूत्र- 8318116361